GOVT. GENERAL ZORAWAR SINGH MEMORIAL DEGREE COLLEGE, REASI (J&K)

(Affiliated to University of Jammu)

Website : www.gdcreasi.co.in
Email : principalgdcreasi20@gmail.com

Phone : 01991-245590
Mobile : 9419156980

23-08-2023 - **शतरंज प्रतियोगिता**

गवर्नमेंट जनरल जोरावर सिंह मेमोरियल डिग्री कॉलेज रियासी में प्रिंसिपल डॉक्टर कुलविंदर कौर के निर्देशन में स्पोर्ट्स क्लब द्वारा **"राष्ट्रीय खेल दिवस"** (29 अगस्त 2023) को ध्यान में रखते हुए विभिन्न खेलों (शतरंज प्रतियोगिता, टेबल टेनिस प्रतियोगिता, रस्सी कूद प्रतियोगिता, लंबी दौड प्रतियोगिता और वॉलीबॉल प्रतियोगिता) का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिताएं दिनांक: 23 अगस्त 2023 से लेकर 29- अगस्त 2023 तक चलेंगी। प्रतियोगिताओं के अंत में राष्ट्रीय खेल दिवस के दिन सत्र 2021-22 और 2022-23 के उत्कृष्ट खिलाड़ियों के लिए सम्मान कार्यक्रम और इंट्रा कॉलेज प्रतियोगिताओं के विजेताओं के लिए पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया जाएगा।

इन प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को चार वर्गो (प्रथम वर्ग -दीप ग्रेस हाउस, "दीप ग्रेस एक्का हॉकी प्लेयर,अर्जुना अवार्ड विनर-2022", द्वितीय वर्ग - सिंधु हाउस, "पी वी सिंधु - बैडमिंटन प्लेयर, अर्जुना अवार्ड विनर-2013, पदम श्री 2015 और राजीव गांधी खेल रत्न 2016", तृतीय वर्ग- मल्लेश्वरी हाउस – "कर्णम मल्लेश्वरी, वेट लिफ्टर -अर्जुना अवार्ड-1994, राजीव गांधी खेल रत्न 1995 और पदम श्री 1999" और चतुर्थ वर्ग- मैरी कॉम हाउस –"एम सी मैरी कॉम, बॉक्सर- अर्जुना अवार्ड विनर- 2003 व राजीव गांधी खेल रत्न 2009") में विभाजित किया जाएगा और जिनके नाम भारतीय खेल जगत की उत्कृष्ट महिलाओं के नाम पर आधारित होंगे।

इसी कड़ी में सर्वप्रथम चैस प्रतियोगिताओं का आयोजन बुधवार को किया गया। जिसमें लगभग पचास विद्यार्थियों व आठ शिक्षकों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के दौरान, पुरुष वर्ग के फाइनल मुकाबले में "दीप ग्रेस हाउस" के कुलदीप सिंह (सेमेस्टर -5) ने "मैरी कॉम हाउस" के ठाकुर सुमेर सिंह (सेमेस्टर-1) को हराकर प्रतियोगिता अपने नाम की। "मैरी कॉम हाउस" की खुशी अब्रोल (सेमेस्टर 5) महिला वर्ग के फाइनल मुकाबले में प्रथम स्थान पर रही, वहीं जबकि सोनिया कुमारी (सेमेस्टर- 3) रनरअप का स्थान पाने में कामयाब रही।

अध्यापकों के बीच हुए मुकाबले में डॉक्टर सलीम अहमद (मल्लेश्वरी हाउस) और प्रोफेसर अमिक रहमान चौधरी (मैरीकॉम हाउस) के बीच कांटे की टक्कर हुई। जिसमें डॉक्टर सलीम अहमद ने बाजी मारी और प्रतियोगिता जीतने में सफल रहे।

खेल के अंत में प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों और शिक्षकों को विभाग की और से रिफ्रेशमेंट भी वितरित की गई। खेल निदेशक शशि शर्मा ने इस मौके पर भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों और शिक्षकों को बधाई दी और आगे आने वाली खेल गतिविधियों के लिए भी सूचित किया।

इस संपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन खेल निदेशक शशि शर्मा (स्पोर्ट्स विभाग) व प्रोफेसर सुनील मगोत्रा (एनसीसी विभाग) द्वारा किया गया था और इस अवसर पर प्रोफेसर आंचल राज, डॉक्टर समृति अग्रवाल, प्रोफेसर केवल कृष्ण और प्रोफेसर उपासना मौजूद थे।

DEPARTMENT OF SPORTS
23/08/2023 11:45

The Chief G
23/08/2023 11:48

DEPART
Govt. Gen. Zo
Degree
WEL
The Chief Guest
23/08/2023 11:37

ants
23/08/2023 11:36

DEPARTMENT OF SPORTS
23/08/2023 11:36

DEPARTMENT OF SPORTS
23/08/2023 11:35

Govt. G
Chief G
GPS Map Camera
, ,
3RVW+JV4, 182311
Lat 33.09462°
Long 74.847482°
23/08/23 12:47 PM GMT +05:30
Google

DEPARTMENT OF SPORTS
Gen. Zorawa ngh Memorial
Degree Coll Reasi
Gues
ants
GPS Map Camera
, ,
3RVW+JV4, 182311
Lat 33.094338°
Long 74.847646°
23/08/23 01:28 PM GMT +05:30
Google